राजस्थान सरकार

निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ 25 (डी) 154 लेखा/निकाशि/06/ दिनांक

प्राचार्य,

समस्त राजकीय महाविद्यालय

राजस्थान

विषयः—महाविद्यालय के भंडार लेखों का भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन एवं आन्तरिक निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनुच्छेदों की अनुपालना बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपका ध्यान इस कार्यालय के पत्र क्रमांक एफ 25 (डी) 154 लेखा/निकाशि/06/750 दिनांक 4.7.2012 की ओर आकर्षित किया जाता है जिसके द्वारा आपसे अनुरोध किया गया था कि आपके कॉलेज के बकाया भौतिक सत्यापन प्रतिवेदनों एवं आन्तरिक निरीक्षण प्रतिवेदनों के बकाया आक्षेपों की अनुपालनाऐं निदेशक निरीक्षण विभाग राजस्थान जयपुर को प्रेषित करते हुये एक प्रति इस कार्यालय को भिजवायें, परन्तु खेद का विषय है कि बकाया आक्षेपों की ठोस अनुपालनाओं के अभाव में आक्षेपों के निस्तारण में अपेक्षित प्रगति नही हो पायी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि आपके कॉलेज के बकाया भौतिक सत्यापन प्रतिवेदनों एवं आन्तरिक निरीक्षण प्रतिवेदनों की ठोस अनुपालना 7 दिवस में आवश्यक रूप से इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करावें ताकि निदेशक निरीक्षण विभाग जयपुर से वार्ताकर आक्षेपों का निस्तारण कराया जा सकें। कृपया उन्हीं आक्षेपों की अनुपालना भिजवायें जिनमें आक्षेप अनुसार ठोस कार्यवाही कर ली गयी हो। कृपया अनुपालना के साथ सम्बन्धित पत्र/चालान/रसीद की प्रति, जहां आवश्यक हो, भी भिजवाना सुनिश्चित करावें। जिन कॉलेजों द्वारा इस कार्यालय को उक्त पत्र दिनांक 4.7.2012 के क्रम में अनुपालना प्रेषित कर दी गयी हो उन्हें पुनः अनुपालनाऐं भेजना आवश्यक नही है ।

भवदीय,

-Sd-

मुख्य लेखाधिकारी

कालेज शिक्षा विभाग,राजस्थान जयपुर

क्रमांक एफ 25 (डी) 154 लेखा/निकाशि/06/664-65 दिनांक 13-8-12

प्रतिलिपि : श्री धीरेन्द्र देवर्षी, व्याख्याता को प्रेषित कर लेख है कि कृपया विभाग की बेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

मुख्य लेखाधिकारी

कालेज शिक्षा विभाग,राजस्थान जयपुर

E:\accounts vibhag\bunker ji\latter.doc